# सैयारा इस पीढ़ी की सबसे अहम रोमांटिक फिल्म होगी : महेश भट्ट

**बॉलीवुड** के जानेमाने फिल्मकार महेश भट्ट का कहना है कि फिल्म सैयारा इस पीढ़ी की सबसे अहम रोमांटिक फिल्म होगी.

महेश भट्ट की फिल्म आशिकी ने राहुल रॉय और अनु अग्रवाल को रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था.आशिकी का संगीत भी जबरदस्त हिट हुआ था. इसी तरह, फिल्म सैयारा अहान पांडे और अनीत पड्डा के लिए लॉन्चपैड है जो यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) के अगले हीरो और हीरोइन के रूप में सामने आ रहे हैं.

महेश भट्ट ने कहा, हर पीढ़ी की एक प्रेम कहानी होती है जो उसे परिभाषित करती है. सैयारा, मेरी नजर में, इस पीढ़ी की सबसे अहम रोमांटिक फिल्म होगी. जब मैंने आशिकी बनाई थी, तो मैंने इसे बहुत पवित्रता के साथ बनाया और सौभाग्य से लोग इससे गहराई से जुड़ गए और दो नए चेहरों को रातों-रात स्टार बना दिया. मैं उम्मीद करता हूं कि मोहित सूरी, सैयारा के साथ भी यही करेगा.

महेश भट्ट ने कहा, यह देखना अद्भुत है कि लोग सैयारा देखते वक्त आशिकी की यादों को महसूस कर रहे हैं, लेकिन मैं कह सकता हूं कि सैयारा इस दौर की प्रेम कहानियों की परिभाषा बदल देगी. हर नई पीढ़ी को पिछली से आगे बढ़ना चाहिए, और मुझे खुशी है कि सैयारा भी यही कर सकती है. मोहित मेरा शिष्य है और अगर वह हर मायने में मुझसे आगे निकलता है, तो इससे बड़ी खुशी की बात मेरे लिए और क्या होगी.

वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी द्वारा निर्मित सैयारा, 18 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.




# अमिताभ ने शेयर किया धड़क 2 का ट्रेलर

**बॉलीवुड** के महानायक अमिताभ बचन ने सोशल मीडिया पर फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर शेयर किया है.

वर्ष 2018 में प्रदर्शित जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म धड़क को दर्शकों ने काफी पसंद किया था. अब फिल्म धड़क का सीक्वल धड़क 2 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है. इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की मुख्य भूमिका है.अमिताभ बचन ने इस फिल्म के ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है.

अमिताभ ने अपने एक्स हैंडल पर धड़क 2 का आधिकारिक ट्रेलर शेयर करते हुए इसकी तारीफ की और कैप्शन में लिखा, सभी को शुभकामनाएं .. अमिताभ की इस पोस्ट पर धड़क 2 की निर्माता मीनू अरोड़ा ने आभार जताते हुए लिखा, आपका आशीर्वाद और समर्थन मेरे और हम सभी के लिए बहुत मायने रखता है. धन्यवाद सर.

फिल्म धड़क 2 का निर्माण करण जौहर और धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज़, क्लाउड 9 पिक्चर्स के तहत किया गया है. शाजिया इकबाल निर्देशित यह फिल्म एक अगस्त को रिलीज होगी.



# मधुबाला की बायोपिक में काम करना चाहती हैं तृप्ति

**बॉलीवुड** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, मीना कुमारी और मधुबाला की बायोपिक में काम करना चाहती हैं.

फिल्म एनिमल में तृप्ति डिमरी ने जोया का किरदार निभाया था.इस फिल्म में उनके प्रदर्शन और आकर्षक उपस्थिति के कारण, सोशल मीडिया पर उनकी लोकप्रियता बढ़ी और फैंस ने उन्हें नेशनल क्रश का खिताब दिया. तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी.

तृप्ति डिमरी बायोपिक फिल्मों में काम करना चाहती है. तृप्ति डिमरी ने बताया कि वह मीना कुमारी और मधुबाला की बहुत बड़ी फैन है. तृप्ति डिमरी ने बताया कि यदि उन्हें अवसर मिले तो वह मीना कुमारी और मधुबाला की बायोपिक में काम करना चाहेंगी. उन्होंने कहा कि यह उनके लिये किसी सपने के सच होने जैसा होगा.


तृप्ति डिमरी ने कहा कि वह एक्शन फिल्मों में काम करना चाहती है. तृप्ति ने कहा,मैंने अभी तक कभी एक्शन नहीं किया और मुझे लगता है कि यह एक ऐसा जॉनर है जिसमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा.



# गौरव चोपड़ा ने अपने लुक को खुद किया डिजाइन

**अभिनेता** गौरव चोपड़ा ने सोनी सब शो पुष्पा इम्पॉसिबल में अपने लुक को खुद डिजाइन किया है.

शो में प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की भूमिका निभा रहे गौरव चोपड़ा ने कहा, डिज़ाइनिंग मेरा पहला प्यार है, अभिनय मेरा हमेशा का जुनून. पुष्पा इम्पॉसिबल के ज़रिए मुझे दोनों को एक साथ निभाने का मौका मिला. मैं चाहता था कि मेरे किरदार के कपड़े भी उतनी ही ज़ोर से बोलें जितनी राजवीर की सोच, परतदार, योद्धा सरीखे, मिट्टी से जुड़े और थोड़ा अनपेक्षित. एक दिन सेट पर कॉस्ट्यूम टीम एक अहम सीन के लिए सही लुक ढूंढ



रही थी, तभी मैं अपने खुद के वार्डरोब से तैयार एक आउटफिट पहनकर आया, जिसे मैंने कुछ त्वरित बदलावों के साथ फिट कर लिया.

गौरव चोपड़ा ने कहा, डिज़ाइन करना मेरे लिए स्वाभाविक है. मैंने हमेशा माना है कि जो आप पहनते हैं, वो आपसे पहले बोलता है और इस किरदार के पास कहने को बहुत कुछ है. शॉट्स के बीच में भी आप मुझे डायलॉग्स नहीं, बल्कि कपड़ों के डिज़ाइन स्केच करते हुए पाएंगे. अब टीम मुझे प्यार से कॉस्ट्यूम दादा कहकर बुलाती है जब भी मैं कुछ हटकर पहन कर आता हूं.

# फिल्म ओजी की शूटिंग हुई पूरी

**पावर** स्टार पवन कल्याण की आने वाली फिल्म 'ओजी' की शूटिंग पूरी हो गयी है.

डीवीवी एंटरटेनमेंट ने फिल्म 'ओजी' का एक नया और धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की आधिकारिक घोषणा की गई है. पवन कल्याण इस फिल्म में अपने अब तक के सबसे ज़बरदस्त और रहस्यमयी अवतार गंभीरा में वापसी कर रहे हैं. सुझीत के निर्देशन में बनी फिल्म 'ओजी' एक हाई-वोल्टेज सिनेमा धमाका होने वाली है, जिसमें पवन कल्याण 'गंभीरा' की भूमिका निभा रहे हैं. इस फिल्म में इमरान हाशमी, प्रियांका अरुल मोहन, प्रकाश राज और श्रिया रेड्डी जैसे दमदार सितारे भी अहम किरदार में नज़र आएंगे. संगीत का जादू एस थमन रच रहे हैं. आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने वाले डीवीवी एंटरटेनमेंट के बैनर तले दानय्या गरु और कल्याण दासरी ने फिल्म ओजी को प्रोड्यूस किया है. यह फिल्म 25 सितंबर को रिलीज होगी.




# प्राइम वीडियो ने द रिवोल्यूशनरीज़ की पहली झलक पेश की

**प्राइम** वीडियो ने निखिल आडवाणी निर्देशित अपनी ओरिजिनल पीरियड ड्रामा सीरीज़ द रिवोल्यूशनरीज़ की पहली झलक पेश की है.

प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी पीरियड-ड्रामा सीरीज़द रेवोल्यूशनरीज़ की आधिकारिक पहली झलक जारी की है. द रेवोल्यूशनरीज़ में भुवन बाम, रोहित सराफ, प्रतिभा रांटा, गुरफतेह पीरज़ादा और जेसन शाह प्रमुख भूमिकाओं में हैं. इस सीरीज़ का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है और इसका निर्माण मोनिषा आडवाणी एवं मधु भोजवानी द्वारा एम्मे एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है.यह सीरीज़ संजीव सान्याल द्वारा लिखित पुस्तक 'रिवोल्यूशनरीज़- द अदर स्टोरी ऑफ़ हाउ इंडिया वॉन इट्स फ्रीडम'' पर आधारित है.द रेवोल्यूशनरीज़ का प्रीमियर वर्ष 2026 में भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर किया जाएगा.



निखिल आडवाणी ने कहा. हमें बहुत खुशी है कि हम एक बार फिर प्राइम वीडियो जैसे अपने पुराने सहयोगियों के साथ काम कर रहे हैं, जो हमारी सोच और दृष्टिकोण को पूरी तरह से समर्थन और हौसला देते हैं. हम एक बेहतरीन टीम और कलाकारों को साथ लाए है, जिनमें भुवन, रोहित, प्रतिभा और गुरफतेह जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं.

# फिल्म मालिक ने वीकेंड के दौरान 14 करोड़ की कमाई की


**बॉलीवुड** अभिनेता राजकुमार राव की फिल्म मालिक ने अपने पहले वीकेंड के दौरान भारतीय बाजार में 14 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है.

फिल्म मालिक की कहानी अस्सी के दशक में उत्तर प्रदेश के इलाहबाद शहर की पृष्ठभूमि पर गढ़ी गई है. इस फिल्म की कहानी एक आम आदमी के गैंगस्टर बनने के सफर पर आधारित है.

राजकुमार राव ने इस फिल्म में गैंगस्टर का किरदार निभाया है. फिल्म मालिक 11 जुलाई को रिलीज हुयी है.इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है.

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म मालिक ने पहले दिन भारतीय बाजार में 3.75 करोड़ की कमाई की. फिल्म ने दूसरे दिन 5.25 करोड़ की कमाई की.सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म मालिक ने तीसरे दिन 5.09 करोड़ का कारोबार किया है.इस तरह फिल्म मालिक भारतीय बाजार में अपने पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में 14 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है.

पुलकित द्वारा निर्देशित, मालिक में राजकुमार राव के अलावा बंगाली सिनेमा के सुपरस्टार प्रोसेनजीत चटर्जी, पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर, स्वानंद किरकिरे, सौरभ शुक्ला और अंशुमान पुश्कर भी अहम रोल में हैं.इस फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के जय शेवक्रमणी के साथ मिलकर किया है.



## ऑटोमोबाइल



# नई रेनॉल्ट बोरियल आकर्षक डिजाइन के साथ पेश

**रेनो** कंपनी ने यूरोप से बाहर के बाजारों के लिए एक नई एसयूवी बोरियल पेश की है. रेनो की ग्लोबल स्ट्रैटजी के अहम हिस्से के रूप में आई बोरियल को ब्राजील और तुर्की में बनाया जाएगा. बोरियल को एक प्रीमियम एसयूवी के तौर पर पेश किया जाएगा, जिसमें मॉडर्न डिजाइन, अच्छा केबिन स्पेस और लेटेस्ट टेक्नॉलजी का कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा.

नई रेनॉल्ट बोरियल आकर्षक डिजाइन और शानदार केबिन के साथ आएगी, जिसकी लंबाई 4.56 मीटर लंबी है, जोकि एक लंबी एसयूवी से भी बड़ी है, हालांकि यह हैरियर और एक्सयूवी700 से बस थोड़ी ही छोटी है.

**लंबाई और व्हीलबेस**- रेनॉल्ट बोरियल में बड़े छ्रुरू हेडलैंप डिजाइन और लेयर्ड स्लैट्स वाली ग्रिल के साथ अनोखा डिजाइन मिलता है. रेनॉल्ट बोरियल छ्रम्र प्लेटफॉर्म पर आधारित है और 2702 मिमी के व्हीलबेस के साथ डस्टर से भी बड़ी है. इसका ग्राउंड क्लीयरेंस 213 मिमी है. नए मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई रेनॉल्ट बोरियल की लंबाई 4.56 मीटर और व्हीलबेस 2.7 मीटर होगा.

**रेनॉल्ट बोरियल में मिलेंगे ये फीचर्स**- रेनॉल्ट बोरियल में एक पैनोरमिक सनरूफ, 19 इंच के अलॉय व्हील, रूफ बार और एल्यूमीनियम स्किड प्लेट जैसे फीचर्स मिलते हैं. इसके अलावा गाड़ी के इंटीरियर में डुअल-स्क्रीन डैशबोर्ड सेटअप, साउंड सिस्टम, 48 कलर एंबिएंट लाइटिंग और स्मार्ट मेंटेनेंस ट्रैकिंग जैसे कनेक्टेड फीचर्स भी मौजूद हैं.

गाड़ी में डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल, मसाज सीट फंक्शन और पावर्ड सीटें भी मौजूद हैं. अगर कीमत सही पेश की जाए तो रेनॉल्ट बोरियल भारतीय बाजार के लिए सही साबित हो सकती है, जिसे नई डस्टर से ऊपर रखा जाएगा. इसके अलावा यह मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में टाटा हैरियर और महिंद्रा एक्सयूवी700 जैसी कारों को टक्कर दे सकती है, क्योंकि केबिन के साथ-साथ इसका लुक भी काफी प्रीमियम है.

# सेडान लवर्स के लिए हुंडई ने लॉन्च किया ऑरा वेरिएंट

**भारतीय** ऑटो सेक्टर बाजार में हुंडई ने कई शानदार गाड़ियां पेश की है. हुंडई ने सेडान कार हुंडई ऑरा का नया वेरिएंट लॉन्च कर दिया है. हुंडई ऑरा वेरिएंट को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है. इस नए वेरिएंट में नए फीचर को शामिल करने के साथ सुरक्षा को भी बढ़ाया गया है. आईए विस्तार से जानते है कि इस कार में क्या नए फीचर को शामिल किया गया है.

**फीचर**- भारतीय बाजार में पहले से मौजूद हुंडई ऑरा ने सेडान कार में धूम मचा रखी है. अब नए वेरिएंट S AMT में ESC, HAC, DRL, टायर प्रेशर जांचने के लिए TPMS, Mirror View और सुरक्षा के लिए 6 एयरबैग दिए गए है. बता दें इन एडवांस फीचर की मदद से कार को कंट्रोल करने, ढलान में कंट्रोल करने में मदद मिलती है.

**इंजन**- हुंडई ऑरा वेरिएंट में डिजाइन में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है. भारतीय बाजार में पहले से मौजूद हुंडई ऑरा का वही डिजाइन नए वेरिएंट में दिया गया है. इंजन की बात करें तो इस वेरिएंट में 1.2रु का पेट्रोल इंजन दिया गया है. यह दमदार इंजन हाइवे और शहर की सड़कों में चलाने में बेहतर एक्सपीरियंस देगा.

हुंडई ऑरा वेरिएंट में नए एडवांस फीचर को शामिल करने के साथ ही दमदार इंजन दिया गया है. कार में फीचर की भरमार के साथ ही कीमत भी किफायती रखी गई है. बता दें कि इस कार की एक्स शोरूम कीमत 8.07 लाख रुपये रखी गई है.



# यामाहा ने लॉन्च की दूसरी हाइब्रिड बाइक

**भारत** में यामाहा की हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में अब एक और बाइक शामिल हो गई है. कंपनी ने अपनी मशहूर बाइक एफज़ेड-एक्स को अब हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ लॉन्च कर दिया है. हाइब्रिड मॉडल की कीमत स्टैंडर्ड वर्जन से करीब 20,000 रुपये अधिक है. यह नया वर्जन पहले से ज्यादा एडवांस और टेक्नोलॉजी से लैस है, जिसमें बेहतर माइलेज के साथ स्मार्ट फीचर्स भी दिए गए हैं.

**हाइब्रिड टेक्नोलॉजी की खासियत**- नई एफज़ेड-एक्स में कंपनी ने स्मार्ट मोटर जेनरेटर (SMG) सिस्टम दिया है, जो बैटरी को चार्ज करता है और इंजन के साथ मिलकर हल्का टॉर्क बूस्ट देता है. इससे बाइक की एक्सलेरेशन परफॉर्मेंस और माइलेज में सुधार होता है. इस टेक्नोलॉजी की मदद से बाइक को साइलेंट तरीके से स्टार्ट किया जा सकता है और यह आइडलिंग स्टार्ट-स्टॉप सिस्टम को भी सपोर्ट करता है, जिससे ईंधन की बचत होती है.



**नया ङ्गस्न्ङ्ग डिस्प्ले और नेविगेशन**- हाइब्रिड एफज़ेड-एक्स ङ्क में अब नया ङ्गस्न्ङ्ग स्क्रीन दिया गया है, जो ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ आता है. इसमें टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन जैसे स्मार्ट फीचर भी शामिल हैं.

**वेरिएंट्स और कलर ऑप्शन**- कंपनी एफज़ेड-एक्स के स्टैंडर्ड वर्जन की बिक्री करती रहेगी. वहीं, हाइब्रिड वर्जन टॉप-स्पेक मॉडल के रूप में उपलब्ध होगा, जिसमें नया मैट टाइटन कलर ऑप्शन भी मिलेगा.



# टेक्नोलॉजी आपकी राइड को बनाती है सुरक्षित

**भारत** में वर्तमान में आपको लगभग हरेक घर में टू व्हीलर्स देखने को मिल जाएगी. अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए लोग बाइक को काफी पसंद कर रहे हैं. सड़कों पर बाइक ड्राइव करना जितना मजेदार लगता है, उतना ही ज्यादा खतरा गिरने का भी रहता है. हालांकि, अब कंपनियों ने बाइक को अनियंत्रित होकर गिरने से बचाने के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है.

**बाइक एयरबैग**- सड़क पर जब अनियंत्रित होकर बाइक पलटती है, तब उस स्थिति में ड्राइवर को काफी चोटें लगती हैं. कई मौकों पर मौत भी हो जाती है. इसी खतरे से बचाने के लिए कंपनी ने बाइक एयरबैग को इनोवेट किया है. यह एयरबैग वेस्ट के रूप में राइडिंग जैकेट बेचती हैं, जो एयरबैग से लैस होता है. यह सुविधा केवल दोपहिया वाहन चलाने वालों के लिए है.

**मोटरसाइकिल थीफ गार्ड**- थीफ का मतलब आप चोर समझ रहे होंगे. जी हां, यह आपकी सोच बिल्कुल सही है. दरअसल, मोटरसाइकिल को चोरी होने से बचने के लिए कंपनी ने मोटरसाइकिल थीफ गार्ड का इस्तेमाल किया है. यह एक तरह का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है. इस डिवाइस से लैस मोटरसाइकिल को जब कोई चोर छूने की कोशिश करता है तो उस दौरान तेज अलार्म बजने लगता है. इसकी ध्वनि इतनी अधिक होती है, की गहरी नींद में सोए लोग भी जाग जाएंगे. एक बार स्टार्ट होने के बाद अलार्म केवल रिमोट के माध्यम से ही बंद होता है.

**टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम**- आजकल के बाइक में मिलने वाला टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम आपकी रीडिंग को बेहद सुरक्षित बनता है. कई बार ऐसा देखा गया है, कि तेज रफ्तार से बाइक चलने पर अचानक से टायर फट जाती है या पंचर हो जाती है. इस दौरान आप दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं.